**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *275**

**दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**जालंधर में एम्स**

**†*275. श्री चरनजीत सिंह चन्नी:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार पंजाब में बढ़ती स्वास्थ्य परिचर्या आवश्यकताओं और गैर-संचारी रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए, राज्य के जालंधर में एक नया अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित एम्स के स्थान और अनुमानित बजट सहित इसके पूरा होने के लिए निर्धारित समय -सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं की अत्यधिक आवश्यकता के बावजूद पंजाब में एक नए एम्स को प्राथमिकता नहीं दिए जाने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री**

**(श्री जगत प्रकाश नड्डा)**

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**दिनांक 13 दिसंबर, 2024 के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *275 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ग): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, पंजाब में एम्स, बठिंडा जो वर्तमान में कार्यशील है के साथ-साथ 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना हेतु अनुमोदन दिया गया है। इसके अलावा, पीएमएसएसवाई के एक अन्य घटक के तहत पंजाब में विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के सुदृढीकरण और उन्नयन के लिए केंद्र-राज्य लागत साझाकरण के आधार पर अति विशिष्टता (सुपर स्पेशियलिटी) ब्लॉक (एसएसबी) के निर्माण के माध्यम से निम्नलिखित सरकारी मेडिकल कॉलेजों - (i) सरकारी मेडिकल कॉलेज, अमृतसर और (ii) सरकारी मेडिकल कॉलेज, पटियाला का उन्नयन कार्य पूरा हो चुका है। पीएमएसएसवाई के वर्तमान चरण में पंजाब के जालंधर में नए एम्स की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****